तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 29 अक्टूबर 2026

12 सरस्वती शिशु मंदिर के विभाग समन्वयक...



11 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम में स्वच्छता ...



बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

खबर संक्षेप

अर्नब चक्रवात से छात्रों की छूट्टी और शिक्षकों की ड्यूटी पर उठे सवाल

बालोद। चक्रवात अर्नब को लेकर राज्य सरकार द्वारा जानमाल की सुरक्षा के लिए कई कदम



उठाए जा रहे हैं, जिनमें सुरक्षा की चिंता करते हुए विद्यालयों में अवकाश दी गई। लेकिन शिक्षकों को विद्यालय बुलाने पर शालेय शिक्षक संघ ने आपत्ती की है। शालेय शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने कहा कि बालोद जिला में स्कूल की तो छुट्टी रखी गई, परन्तु शिक्षकों को स्कूल जाने बाध्य किया गया, क्या तूफान, बारिश से केवल बच्चे ही प्रभावित होंगे, शिक्षक नहीं? विकराल अर्नव चक्रवात में क्या दूरस्थ और दुर्गम व वनांचल के स्कूलों तक शिक्षकों को जाने के लिए बाध्य करना उचित है? क्या उनके जान की कोई कीमत नहीं और बिना विद्यार्थियों के शिक्षक दिन भर स्कूल जाकर करेंगे क्या? यह बात जिम्मेदार अधिकारियों को सोचना जरूर चाहिए। अन्य जिलों की भांति बालोद में भी यह विशेष अवकाश बच्चे और शिक्षक दोनों के लिए होना चाहिए था।

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर पुलिस ने की कार्रवाई

बालोद। जिला पुलिस बालोद द्वारा सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। अब पुलिस कार्रवाई को लेकर आम जनता इसे पुलिस की ज्यादती बता रही है, पर कोई उन वाहन चालकों को सुधारने के लिए पहल करते नहीं दिख रहा, जो स्वयं अपनी जान जोखिम में डालकर दुसरों के लिए भी खतरा पैदा कर रहे हैं। 28 अक्टूबर को भी सैकड़ों लोगों को बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चलाते देखा गया। कई वाहनों में तो क्षमता से अधिक लोग बैठकर चलते दिखे। बड़ा सवाल है कि जब जनता स्वयं सुधरने का नाम ही न ले और जिम्मेदार ऐसे लोगों को सुधारने का प्रयास न करें तो पुलिस को तो कानून का पालन कराने के लिए कार्रवाई करनी ही पड़ेगी। 28 अक्टूबर की दैनिक कार्रवाई रिपोर्ट के अनुसार जिले में यातायात नियमों के उल्लंघन से संबंधित विभिन्न धाराओं के अंतर्गत कुल 315 प्रकरणों में कार्रवाई की गई। इन प्रकरणों में कुल 1,21,900 का समन शुल्क वसुल किया गया। जिला पुलिस बालोद द्वारा वाहन चालकों से अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, वाहन चलाते समय आवश्यक दस्तावेज अपने साथ रखें, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाएं तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें। नियमों का ▶▶| शेष पेज 10 पर

एसबीआई ने व्यापारियों को वितरित किए 2 लाख के चिल्लर, मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शहर के व्यापारियों को चिल्लर की उपलब्धता में हो रही परेशानी को दूर करने के लिए चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा किए गए प्रयासों को सफलता मिली है। चेंबर ऑफ कॉमर्स की पहल और स्टेट बैंक के सहयोग से करीब 2 लाख के चिल्लर विभिन्न व्यापारिक वर्गों को वितरित किए गए। इससे रोजाना नकद लेन–देन करने वाले व्यापारियों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है। गौरतलब है कि बाजार में छोटे मूल्य के सिक्कों की उपलब्धता व्यापारियों के लिए एक महत्वपूर्ण विषय है। ग्राहकों को शेष राशि लौटाने और रोजमर्रा के कारोबार में छोटे लेन–देन के दौरान चिल्लर की आवश्यकता पड़ती है। इसकी कमी से व्यापारियों को कई बार असुविधा का सामना करना पड़ता है। व्यापारियों की इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए चेंबर ऑफ कॉमर्स ने स्टेट बैंक के समक्ष विषय रखा और चिल्लर उपलब्ध कराने के लिए पहल की। चेंबर के प्रयासों को सकारात्मक सहयोग देते हुए स्टेट बैंक द्वारा लगभग 2 लाख के चिल्लर विभिन्न व्यापारिक वर्गों को उपलब्ध कराए गए। इस सहयोग से व्यापारियों को अपने दैनिक कारोबार में सुविधा मिलेगी और छोटे लेन–देन को सुचारु रूप से संचालित करने में मदद मिलेगी।

चेंबर ऑफ कॉमर्स ने सहयोग के लिए स्टेट बैंक के प्रति जताया आभार



सहयोग सराहनीय

चेंबर ऑफ कॉमर्स ने इस सहयोग के लिए स्टेट बैंक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। चेंबर ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाना और उनके समाधान के लिए संबंधित संस्थानों के साथ समन्वय स्थापित करना संगठन की प्राथमिकता है। स्टेट बैंक द्वारा व्यापारिक वर्गों की आवश्यकता को समझते हुए दिया गया सहयोग सराहनीय है। चेंबर ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी तरह का सहयोग मिलता रहेगा, ताकि व्यापारियों को होने वाली परेशानियों का समय पर समाधान किया जा सके। इस अवसर पर सभी व्यापारी वर्ग ने भी उपस्थित होकर इसका लाभ लिया।

अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा एडवाइजरी का कड़ाई से पालन करें

अर्नब चक्रवात के खतरे के बीच एक्शन मोड में कलेक्टर मनहोरा में चौपाल लगाकर ग्रामीणों को दी सुरक्षा की सीख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने बिगड़े मौसम के बाद भी आम जन की सुरक्षा सुनिश्चित करने गुण्डरदेही विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रें का सघन दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्वीकृत निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया तथा 'अर्नब' चक्रवात के प्रभाव से निपटने के लिए मैदानी स्तर पर सुरक्षा व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर मिश्रा ने संभावित प्राकृतिक आपदा 'अर्नब' चक्रवात के प्रभावों और भारी वर्षा की आशंका को देखते हुए संभावित बाढ़ प्रभावित ग्राम मनहोरा का दौरा किया।

उन्होंने चौपाल लगाकर स्थानीय ग्रामीणों एवं मैदानी अमले से सीधा संवाद स्थापित किया। कलेक्टर ने ग्रामीणों से कहा कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा एडवाइजरी का कड़ाई से पालन करें। उन्होंने अधिकारियों को डुबान व जलभराव वाले क्षेत्रें में सतत निगरानी रखने, राहत केंद्रों को तैयार रखने, राशन, विद्युत आपूर्ति, शुद्ध पेयजल एवं स्वास्थ्य सेवाओं की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



विकास कार्यों और राहत प्रोजेक्ट्स का औचक निरीक्षण

जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे संभावित प्राकृतिक आपदा के दौरान सतर्क रहें, अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें तथा नदी-नालों के जलस्तर पर विशेष ध्यान दें। किसी भी आपात परिस्थिति से निपटने के लिए जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय प्रशासनिक अमला पूरी तरह अलर्ट मोड पर तैनात है। कलेक्टर मिश्रा ने ग्राम पैरी के नाला में 'विकसित भारत–जी राम जी' के अंतर्गत चल रहे बाढ़ चैनल पुनरुद्धार कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यस्थल पर श्रमिकों से सीधे बातचीत कर उनके कार्यों, दैनिक मजदूरी एवं सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारियों व तकनीकी अमले को निर्देशित किया कि जल संरक्षण व बाढ़ रोकथाम की दृष्टि से यह कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है ▶▶| शेष पेज 10 पर

जिले में प्राकृतिक आपदा और भारी बारिश से निपटने के लिए जिला प्रशासन अलर्ट

बालोद। जिले में संभावित बाढ़, अतिवृष्टि, आंधी-तूफान, वज्रपात बिजली गिरने और अन्य प्राकृतिक आपदाओं से नागरिकों व विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को आपदा प्रबंधन के पुख्ता इंतजाम करने और आपसी समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए हैं। आगामी चक्रवात और भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों और स्टाफ की टीम को नियमित रूप से उपस्थित रहने तथा आवश्यक जीवन रक्षक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया है। लोक निर्माण विभाग और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत आने वाले प्रमुख मार्गों, पुल-पुलियों और नालों के ऊपर पानी बहने की स्थिति में बांस-बल्लियों से ▶▶| शेष पेज 10 पर

तूफान और बारिश से क्षेत्र में जनजीवन प्रभावित

डौंडीलोहारा। क्षेत्र में तूफान का असर से शुरू हुई बूंदाबांदी रात होते-होते तेज बारिश में बदल गई। अचानक बदले मौसम ने आम जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। एक ओर जहां बारिश के कारण बाजार और व्यापारिक गतिविधियां ठप पड़ गई हैं, वहीं दूसरी ओर खेतों में पककर तैयार खड़ी धान की फसल को लेकर किसानों की चिंता बढ़ गई है। यदि बारिश का दौर लंबे समय तक जारी रहता है, तो किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। क्षेत्र के अधिकांश गांवों में धान की फसल पककर तैयार हो चुकी है। कई किसान फसल की कटाई और मिंजाई की तैयारी में जुटे हुए हैं। ऐसे समय में तेज हवा, तूफान और लगातार बारिश किसानों के लिए परेशानी का कारण बन सकती है। खेतों में खड़ी धान की फसल के गिरने, बालियों के भीगने और नमी बढ़ने से कटाई के साथ ही फसल को सुरक्षित रखने में दिक्कतें आ सकती हैं। वहीं, जिन किसानों ने धान काटकर खेतों में रखा है, उन्हें भी बारिश से फसल भीगने और खराब होने की आशंका सता रही है। मौसम का यही मिजाज बना रहा, तो किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फिरने की नौबत आ सकती है। बारिश का असर शहर से लेकर गांवों तक देखने को मिल रहा है। बाजारों में लोगों की आवाजाही कम हो गई है। दुकानों में ग्राहकों की संख्या घटने से व्यापार भी प्रभावित ▶▶| शेष पेज 10 पर

- पक चुकी धान की फसल पर संकट के बादल

नशीली दवाइयों का कारोबार करने वाले तीन गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में नशीली दवाओं के अवैध कारोबार के खिलाफ बालोद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तांदुला नदी किनारे रामघाट मंदिर के पास दबिश देकर आरोपियों के कब्जे से प्रतिबंधित नाइट्रोसैन 10 की 1500 टैबलेट बरामद की हैं।

जब्त दवाओं की कीमत करीब 6 लाख बताई गई है, इसके अलावा 15 हजार नगद, एक मोटरसाइकिल, एक स्कूटी और मोबाइल फोन जब्त किया है। पुलिस के अनुसार थाना प्रभारी निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा ने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में मुखबिर की सूचना पर तांदुला नदी के रामघाट क्षेत्र में मेंएसडीओपी बालोद विनय कुमार साहू की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और तीनों संदिग्धों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से नशीली टैबलेट सहित अन्य सामग्री बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विद्यावासिनी वार्ड धमतरी निवासी नवीन चावला 30 वर्ष, कोषापारा धमतरी निवासी आशीष निर्मलकर 40 वर्ष और वार्ड क्रमांक 02 पंढरीपुरी डौंडीलोहारा निवासी किशन बहादुर उर्फ नेपाली 38 वर्ष के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों द्वारा ओडिशा के भुवनेश्वर से नशीली दवाओं की खेप मंगाकर छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में सप्लाई करने की योजना बनाए जाने की जानकारी सामने आई है। पुलिस ने मामले में एनडीपीएस एक्ट की धारा 22(ग) के तहत अपराध दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

- पुलिस ने आरोपियों को तांदुला नदी किनारे रामघाट मंदिर के पास दबोचा

जिले के किसानों ने की महानदी भवन घेराव रैली में शिरकत, 10 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

भारतीय किसान संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के आह्वान पर 10 सूत्री मांगों के समर्थन में आयोजित अन्नदाता गर्जना रैली एवं महानदी भवन घेराव में जिला बालोद के सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। जिला अध्यक्ष सांवत राम साहू भोथीपार के नेतृत्व में बालोद, डौंडी, गुरूर, गुण्डरदेही ब्लॉक से किसान धरना स्थल पहुंचे।

शासन–प्रशासन द्वारा महानदी भवन से पहले रेलवे ब्रिज के पास किसानों को रोक दिया गया, जिससे किसानों में नाराजगी रही। किसानों ने वहीं पर बैठकर नारेबाजी की।



बालोद जिला अध्यक्ष साहू ने बताया कि संघ की मांगें हैं कि गौवंदन योजना लागू हो, 2022–23 का 1700 करोड़ बकाया तत्काल मिले, 3358 में धान खरीदी हो, धान खरीदी 15 नवंबर से 15 फरवरी तक हो, प्रति तौल अधिकतम 40 किलो 700 ग्राम लेने का शासनादेश अनिवार्य रूप से जारी हो', बाढ़ क्षतिपूर्ति दिया जाए, टोकन व्यवस्था सुधरे, बड़े को 5, लघु को 3 और सीमांत को 2 टोकन मिलें, दबाव डालकर खाता समर्पण बंद हो। साहू ने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान कागजी आश्वासन से नहीं, जमीनी कार्रवाई से होना चाहिए। अगर मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन ▶▶| शेष पेज 10 पर

जिले में 2 नवंबर को मनेगा जिला स्तरीय राज्योत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर बालोद जिले में आगामी 02 नवंबर को जिला स्तरीय राज्योत्सव का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार आयोजन को भव्य, सुव्यवस्थित और सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा तैयारियाँ तेज कर दी गई हैं। राज्योत्सव में छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति, कला और परंपराओं के साथ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा जिले में हो रहे विकास कार्यों की झलक देखने को मिलेगी। राज्योत्सव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मंच निर्माण, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था और विभिन्न विभागों द्वारा लगाए जाने वाले प्रदर्शनी के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी तैयारियाँ निर्धारित समय–सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरी की जाएँ। कार्यक्रम में आने वाले नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके ▶▶| शेष पेज 10 पर

- विकास और संस्कृति की दिखेगी अनूठी झलक



शासकीय योजनाओं से होंगे रूबरू

इन स्टॉल के माध्यम से नागरिकों को शासकीय योजनाओं के लाभ, पात्रता और संबंधित विभागों की गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इससे आमजन शासन की योजनाओं से परिचित होने के साथ जिले में हुए विकास कार्यों को भी करीब से देख सकेंगे। जिला स्तरीय राज्योत्सव छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विकास यात्र को प्रस्तुत करने का महत्वपूर्ण अवसर होगा। जिला प्रशासन द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, ताकि आयोजन सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हो और आम नागरिक उत्साहपूर्वक इसमें भाग ले सकें।

जिले के आधार कार्ड को देखकर जमही टोल प्लाजा में भी निशुल्क सुविधा देने की मांग

टोल प्लाजा जमही में मुफ्त आवागमन की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

झलमला से कुसुमकसा होकर मानपुर जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-930 पर स्थित जमही टोल प्लाजा को लेकर स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। टोल प्लाजा के समीप आसपास के 10 से 20 किलोमीटर के दायरे वाले गांवों के ग्रामीणों को निःशुल्क आवागमन की सुविधा दिए जाने की मांग को लेकर पंचायत जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने टोल प्लाजा के पास धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

धरना स्थल पर मौजूद जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों को बताया कि इस राष्ट्रीय राजमार्ग का उपयोग महज 10 से 20 किलोमीटर के दायरे में आने-जाने के लिए किया जाता है, जिसके लिए भारी टोल टैक्स चुकाना पड़ रहा है और इससे ग्रामीणों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। ग्रामीणों को जिला मुख्यालय, ब्लॉक मुख्यालय, तहसील कार्यालय, शिक्षा, स्वास्थ्य और बाजार-हाट जैसे रोजमर्रा के कार्यों के लिए इसी मार्ग से आना-जाना पड़ता है। दल्लीराजहरा और डौंडी की ओर जाने के लिए मानपुर चौक तक ही एनएच सड़क का उपयोग करने पर पूरा टोल टैक्स देना कहां तक उचित है? ग्रामीणों ने चार पहिया वाहनों के साथ-साथ स्कूली वाहनों को भी टोल प्लाजा से निःशुल्क आवागमन की सुविधा दिए जाने की पुरजोर मांग की है।

- 30 अक्टूबर को चक्काजाम की चेतावनी



अधिकारियों से चर्चा और चेतावनी

मामले की गंभीरता को देखते हुए डौंडी के तहसीलदार देवेंद्र नेताम और राष्ट्रीय राजमार्ग-930 के एसडीओ अनिल छाबी धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर उनकी मांगों की विस्तृत जानकारी ली। राष्ट्रीय राजमार्ग के एसडीओ ने आश्वासन दिया कि ग्रामीणों की इन मांगों को उच्चाधिकारियों तक पहुंचा दिया जाएगा। हालांकि, ग्रामीणों ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि उनकी मांगों का समुचित और संतोषजनक निराकरण नहीं किया गया, तो आगामी 30 अक्टूबर को बाध्य होकर चक्काजाम किया जाएगा।

ये रहे उपस्थित

धरना प्रदर्शन के दौरान जिला पंचायत सदस्य नीलिमा श्याम, सुवरबोड सरपंच ममता कोर्राम, अड़जाल सरपंच गीता भंडारी, कुसुमकसा सरपंच वेद बाई पिस्दा, धुर्वाटोला सरपंच अंजू कोसमा, उपसरपंच नितिन जैन, पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार, संतोष जैन, शमशेर खान, पुष्पजीत बेस, पंकज जेठवानी, गजेंद्र सिन्हा, सुगरा बेगम, मालती बाई, रेखा बाई, युवराज नेताम, मयंक कुमार, संतोष कुमार, मधु मसिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

राजनांदगांव के ठाकुरटोला टोल प्लाजा का दिया हवाला

आंदोलनकारियों ने अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करते हुए राजनांदगांव-सोमनी के बीच स्थित 'ठाकुरटोला टोल प्लाजा' का उदाहरण दिया। उन्होंने बताया कि वहां जिस प्रकार राजनांदगांव जिले के सीजी-08 (सीजी 08) पंजीकृत वाहनों और जिले के आधार कार्ड धारकों को निःशुल्क आवागमन की सुविधा दी गई है, उसी तर्ज पर प्राथमिकता के आधार पर बालोद जिले के सीजी-24 (सीजी 24) पंजीकृत चार पहिया व अन्य वाहनों तथा बालोद जिले के आधार कार्ड को देखकर जमही टोल प्लाजा में भी निःशुल्क सुविधा प्रदान की जानी चाहिए।

पटाखा बिक्री और भंडारणः बिना लाइसेंस व्यवसाय करने वालों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आगामी दीपावली पर्व के दौरान जन-स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी द्वारा जिले में पटाखा व्यवसाय के सुचारू संचालन एवं कड़ी निगरानी हेतु दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं। विस्फोटक अधिनियम 1984 के तहत विहित प्रावधानों के अनुसार जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में पटाखा दुकानों, भंडारण एवं विक्रय पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी निर्देश में बताया गया है कि विस्फोटक अधिनियम के अंतर्गत जिला दण्डाधिकारी कार्यालय से शर्तों के अधीन ▶▶| शेष पेज 10 पर

- पटाखा बिक्री और भंडारण पर प्रशासन की कड़ी नजर: एडीएम ने जारी किए सख्त निर्देश

लाइसेंस नवीनीकरण और निर्धारित स्थल अनिवार्य

अनुज्ञप्तिधारी व्यवसायियों द्वारा अनुज्ञप्ति में उल्लेखित सभी सुरक्षा शर्तों का कड़ाई से पालन करना अनिवार्य होगा, निर्देशों का उल्लंघन पाए जाने पर लाइसेंस निरस्ती का प्रस्ताव प्रेषित किया जाएगा। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों (बालोद, गुरूर, गुण्डरदेही, डौण्डी एवं डौण्डीलोहारा) को निर्देशित किया है कि छत्तीसगढ़ शासन, आवास एवं पर्यावरण विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराया जाए। त्योहार के दौरान नागरिकों की सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पटाखा विक्रय स्थलों पर अग्निशमन व आपातकालीन सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखने को कहा गया है।

खबर संक्षेप



उसरवारा पंचायत में सीसी रोड का भूमिपूजन

गुरूर। ग्राम पंचायत उसरवारा के अंतर्गत 5.20 लाख की लागत से बनने वाले सीसी रोड निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। इस विकास कार्य के पूरा होने से स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू थी तथा अध्यक्षता जनपद सदस्य हेमंतु साहू ने किया। इस अवसर पर सरपंच दिनदयाल ध्रुव, उपसरपंच ठगिया बाई, तुलाराम साहू, नंदुराम साहू, भुवन, गंगा राम, कोमल, नेतराव, कन्हैया, पदुम पटेल व पंचायत प्रतिनिधि एवं सतस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

भैयाराम सिन्हा ने धान खरीदी केंद्र में भूमिपूजन किया

बालोद। वनांचल क्षेत्र के ग्राम हितेकसा में पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा ने सीसी समतलीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा वनांचल क्षेत्र के ग्राम हितेकसा स्थित सोसायटी परिसर में किसानों की सुविधा के लिए सीसी समतलीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। इस कार्य के पूरा होने से सोसायटी परिसर में सुव्यवस्थित रूप से किसानों का धान खरीदी में सहूलियत होगी। सोसायटी परिसर में समतलीकरण कार्य होने से धान खरीदी सहित अन्य कृषि संबंधी गतिविधियों के दौरान किसानों को सहूलियत मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विकास की दृष्टि से इस प्रकार के निर्माण कार्य महत्वपूर्ण हैं। इस अवसर प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महामंत्री शादिक अली, सेक्टर अध्यक्ष बल्ला कुंजाम, जनपद सदस्य अजीत कुंजाम, बूथ अध्यक्ष सीताराम सोरी, सरपंच भूपेश हिरवानी, वरिष्ठ रामकुमार कोर्राम, फागू सोरी, रामविलास ऊईके, प्रबंधक ऋषि सार्वा सहित किसान एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

आंबा केंद्रों में आज भी रहेगी छूट्टी

बालोद। संभावित प्राकृतिक आपदा 'अर्नब' चक्रवात के प्रभावों और भारी वर्षा की आशंका को देखते हुए कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में कल 29 अक्टूबर को भी एक दिवस का अवकाश घोषित किया गया है। इससे पहले विगत 28 अक्टूबर को भी अवकाश घोषित किया गया था। छुट्टी के दिन बच्चों के पोषण आहार पर कोई असर न पड़े, इसके लिए जिला प्रशासन ने अनूठी व्यवस्था की है। 29 अक्टूबर को आंगनबाड़ी केन्द्रों में मिलने वाले पूरक पोषण आहार के तहत, सभी हितग्राहियों को सूखा राशन (टीएचआर) का वितरण किया जाएगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं द्वारा घर–घर जाकर गृह भेंट के माध्यम से यह राशन सीधे हितग्राहियों तक पहुंचाया जाएगा। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि बच्चों के लिए आंगनबाड़ी केन्द्र भले ही बंद रहेंगे,

आयोजन

प्रदेशभर के हजारों बौद्ध उपासक-उपासिकाएं शामिल हुए

ग्राम चौरेल में राज्य स्तरीय बौद्ध धम्म महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



बौद्ध विरासत संरक्षण संघ जिला बालोद के तत्वावधान में धम्मभूमि गौरैय्या, ग्राम चौरेल में प्रथम राज्य स्तरीय बौद्ध धम्म महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से हजारों बौद्ध उपासक–उपासिकाएं शामिल हुए।

कार्यक्रम में धम्मोपदेश देने धम्मालैंड, द रॉयल मोनास्टिक स्कूल, बिरबिरा (सिरपुर), जिला महासमुंद के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. शील रत्न बोधि अपने भिक्खु संघ के साथ उपस्थित हुए। उनके मार्गदर्शन में रैली निकालकर बुद्धदेव चौक में वंदना की गई। इसके बाद त्रिशरण–पंचशील ग्रहण कराया गया। भंते जी ने चार आर्य सत्य, आर्य अष्टांगिक मार्ग तथा दुखों से मुक्ति के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने दान पारमिता और चिवरदान के महत्व को भी समझाया। अंत में सभी प्राणियों के सुख–कल्याण के लिए मंगल मैत्री कराई गई तथा चिवरदान दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने समता, स्वतंत्रता, बंधुता और न्याय पर आधारित संविधान दिया, जिसकी बदौलत वे विधायक बन सके। उन्होंने बौद्ध समाज को आश्वस्त किया कि समाज की सेवा के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगे। विशिष्ट अतिथि भारतीय बौद्ध महासभा के ट्रस्टी एस.आर. कांडे, उपाध्यक्ष पालनहार मेश्राम एवं प्रज्ञा कांडे, कानूनी सलाहकार संजय बेंद्रे, अपर कलेक्टर सुरेंद्र प्रसाद वैद्य, ग्राम चौरेल सरपंच पूजा यादव, नगर पंचायत चौकी के पूर्व उपाध्यक्ष रितेश मेश्राम सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में ट्रस्टी एस.आर. कांडे ने पूर्व तहसील समिति बालोद के दिवंगत एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों के योगदान को याद करते हुए उनके कार्यों की सराहना की। इस दौरान अतिथियों, पूर्व पदाधिकारियों के परिजनों तथा आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले जिला स्तरीय एवं क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आंबेडकरवादी पुनेश्वर देवांगन एवं घनश्याम रात्रे को तथागत बुद्ध के उपदेशों पर आधारित पुस्तक भेंट की गई। संघ के अध्यक्ष प्रवीण लोंहारे ने स्वागत भाषण दिया।

आयुष्मान नागेंद्र कमड़े ने संचालन, हरमीत लेनपांडे ने आभार प्रदर्शन तथा संघ के सचिव गुंजन रामटेक ने समापन की घोषणा की। आयोजन में डी.पी. लोंहारे, अनिल खोबरागड़े, जय नंदा, चंद्रकुमार बारसागढ़े, प्यारे बोरकर, सुनील रंगारे, देवेंद्र मेश्राम, सतीश वैदे, संगीता बोरकर, रत्ना मेश्राम, नीता कमल, ज्योत्सना मेश्राम, चंद्रशीला बाम्बेश्वर सहित अनेक कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा। आयोजन में बालोद के अलावा कांकेर, मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी, धमतरी, रायपुर, दुर्ग और राजनांदगांव सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में बौद्ध अनुयायी शामिल हुए।

दल्लीराजहरा में पुलिसकर्मी बनकर ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

नगर में पुलिसकर्मी बनकर ठगी करने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। बीएसपी अस्पताल से दवाइयां लेकर लौट रही 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला को दो अज्ञात युवकों ने पुलिस चेकिंग और इलाके में चोरी-हत्या का झांसा देकर शिकार बनाया। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से शहरवासियों में दहशत का माहौल है।



■ बुजुर्ग महिला की 2.5 तोला सोने की चेन और लॉकेट पार

प्रार्थिया द्रौपती बाई तिवारी निवासी टेबलर सेट, वार्ड क्रमांक 4 ने पुलिस को बताया कि 27 अक्टूबर को सुबह करीब 11 बजे जब वह अस्पताल से घर लौट रही थीं, तब नगर पालिका के पास दो युवक मिले। आरोपियों ने आगे रहने वाली एक शिक्षिका के घर चोरी और हत्या की झूठी बात कही और खुद को पुलिसकर्मी बताते हुए सोने-चांदी की जांच का झांसा दिया। ठगों ने पहले एक अन्य व्यक्ति की चेन उतरवाकर कागज में लपेटी, जिससे महिला उनके झांसे में आ गई। इसके बाद आरोपियों ने बुजुर्ग महिला पर भी अपनी 2.5 तोला वजनी सोने की चेन और लॉकेट उतारने का दबाव बनाया। भयभीत महिला द्वारा जेवर सौंपे जाने के बाद, आरोपियों ने उन्हें कागज की पुड़िया थमाकर बैग में रखने और घर जाने को कहा। कुछ दूर जाने पर जब महिला ने कागज खोलकर देखा, तो उसमें जेवर गायब थे। जब तक वह लौटकर आईं, आरोपी मोटरसाइकिल से फरार हो चुके थे।

घटना की सूचना मिलते ही दल्लीराजहरा पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। नगर पुलिस अधीक्षक विकास पाटले और थाना प्रभारी सुनील तिर्की ने बताया कि घटनास्थल और आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि आरोपियों की जल्द से जल्द पहचान कर उनकी गिरफ्तारी की जा सके। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि अनजान व्यक्तियों के बहकावे में आकर अपने आभूषण न उतारें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

सोरर के धान खरीदी केंद्र में सीमेंटीकरण कार्य का भूमिपूजन



गुरूर। क्षेत्र के किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ग्राम सोरर स्थित धान खरीदी केंद्र में सीमेंटीकरण कार्य का भूमिपूजन संजारी बालोद पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा द्वारा किया गया।

इस सीमेंटीकरण कार्य के पूर्ण होने से धान खरीदी केंद्र में किसानों को धान बेचने के दौरान होने वाली परेशानियों से राहत मिलने की उम्मीद है। विशेषकर बारिश के दिनों में कीचड़ एवं आवागमन से संबंधित समस्याओं में कमी आएगी। साथ ही धान खरीदी केंद्र में व्यवस्था बेहतर होने से किसानों को अपनी उपज लाने और बेचने में सुविधा मिलेगी। पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा ने किसानों की सुविधा और कृषि से जुड़े बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। धान खरीदी केंद्र किसानों के लिए महत्वपूर्ण स्थान है, जहां खरीफ विपणन वर्ष के दौरान बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज बेचने पहुंचते हैं। ऐसे में केंद्र में आवश्यक सुविधाओं का विकास होना किसानों के हित में महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष दुर्गूराम सिन्हा, मंडल अध्यक्ष यशवंत पुरी गोस्वामी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष ओंकार महमल्ला, संयुक्त सचिव खिलावन कुम्भज, हेमलाल साहू, युवा कांग्रेस अध्यक्ष मोनू ठाकुर, ब्लॉक महामंत्री ममता सिहरे, ब्लॉक सचिव खोमेश्वरी साहू, सेक्टर अध्यक्ष बृजभूषण औंधिया, बूथ अध्यक्ष शांता ठाकुर, चाणक्य यादव, एनएसयू आई अध्यक्ष अभिषेक साहू सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

99 छात्रों ने दी नवोदय प्रवेश परीक्षा

गुरूर। ग्राम पुरूर एवं जगतरा संकुल के समन्वयक दिलीप कुमार साहू के नेतृत्व में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरूर में 99 विद्यार्थियों ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2026 का प्रथम मॉक टेस्ट दिया। प्राचार्य सेजेस पुरूर व संकुल प्राचार्य विद्याभूषण साहू ने कहा कि इस मॉक टेस्ट का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल के प्रतिभावान बच्चों को नवोदय परीक्षा में हुए बदलाव के साथ मानसिक योग्यता, अंकगणित और भाषा से परिचित कराना था। इस बार मानसिक योग्यता को आधा कर पर्यावरण विषय को शामिल किया गया है, ऐसे निरंतर अभ्यास से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ेगा और चयन का प्रतिशत भी बढ़ेगा। नियमित अभ्यास, समयबद्ध प्रश्नपत्र और अवधारणाओं की स्पष्ट समझ से विद्यार्थी परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

प्रश्नपत्र एवं ओएमआर शीट प्रबंधन में सहयोगी शिक्षक ईश्वरी कुमार सिन्हा ने बताया कि जिले में अपनी तरह का यह संकुल समन्वयक के पहल पर निरंतर द्वितीय वर्ष आयोजित इस टेस्ट में चिटौद, चंदनबिरही, पुरूर, मुड़खुसरा, आनंदपुर, जगतरा, नैकुरा, आमापानी, सोंहतरा व बोरिदकला के बच्चों ने ओएमआर शीट पर उत्तर दिए। जहां मुख्य परीक्षा के पहले और चार मॉक टेस्ट आयोजित किए जाने हैं। इन विद्यालयों के शिक्षकगण माधोराम साहू, धनेश राम भोजवानी, संतोष गजेंद्र, योगेश ठाकुर, हेमप्रकाश साहू, खिलावन नेताम, चंद्रभान साहू, कैलाश कुमार नेताम ने परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र में रोल नंबर, नाम, हस्ताक्षर, पालक के नाम, प्रश्नपत्र नम्बर इत्यादि भरने में मार्गदर्शन प्रदान किया।

विद्यार्थियों ने जगाई पर्यावरण संरक्षण की अलख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गोडेला, संकुल देवरी द, जिला बालोद में इको क्लब के तत्वावधान में ई-वेस्ट प्रबंधन एवं कचरा निपटान संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में इको क्लब प्रभारी प्रतिभा त्रिपाठी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को कचरे के उचित निपटान, पृथक्करण और पर्यावरण संरक्षण के महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को गीले कचरे, सूखे कचरे, जैव अपशिष्ट तथा ई-वेस्ट (इलेक्ट्रॉनिक कचरे) के बारे में विस्तार से समझाया गया। साथ ही, कचरे के प्रकार के अनुसार अलग-अलग रंगों के डस्टबिन का उपयोग करने तथा कचरे को निर्धारित श्रेणियों में अलग-अलग एकत्रित करने के महत्व पर चर्चा की गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि ई-वेस्ट का अनुचित निपटान मिट्टी, जल और वायु को प्रदूषित कर सकता है। इसलिए पुराने मोबाइल, बैटरी, चार्जर एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का सुरक्षित और उचित निपटान आवश्यक है।

इस अवसर पर बच्चों को स्वच्छता की आदत अपनाने, कचरे का जिम्मेदारीपूर्वक प्रबंधन करने तथा अपने घर और आसपास के लोगों को भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाना रहा। कार्यक्रम में गांव के गणमान्य नागरिक दीनदयाल देशमुख, संस्था प्रमुख रमेश कुमार हिरवानी तथा शिक्षक संतोष शर्मा, शोभाराम देवांगन, देवेंद्र साहू एवं सनत देशमुख उपस्थित रहे। इको क्लब के विद्यार्थी सोनम, अमन, रोहन, शालिनी, किरण, लावण्या, मुनेश सहित अन्य विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को सार्थक बनाया। विद्यालय का यह प्रयास बच्चों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के साथ-साथ स्वच्छ, स्वस्थ और प्रदूषणमुक्त भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

पटवारियों ने चार सूत्रीय मांग व पदोन्नति को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पीवी ऐप के जरिए फसलों के भौतिक सत्यापन में आ रही तकनीकी व व्यावहारिक समस्याओं, पटवारियों पर हो रही कार्रवाई और अपनी लंबित मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ राजस्व पटवारी संघ का अनिश्चितकालीन आंदोलन 13 अक्टूबर से लगातार जारी है। इसी कड़ी में बुधवार को जिला अध्यक्ष लोकेश कुमार के नेतृत्व में संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर अपनी माँगे पुरजोर तरीके से रखीं। संघ द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में मुख्य रूप से पटवारी संवर्ग से राजस्व निरीक्षक के पद पर विभागीय पदोन्नति देने सहित कुल चार सूत्रीय माँगों के त्वरित निराकरण की मांग की गई है।

जिला अध्यक्ष लोकेश कुमार ने बताया कि पटवारियों की पदोन्नति का यह मामला पिछले 8 से 10 वर्षों से लंबित पड़ा हुआ है। इस संबंध में शासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए पहले भी लगातार ज्ञापन सौंपे गए और चर्चाएँ की गईं, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं होने से पटवारियों में गहरी नाराजगी है।

प्रशासन की रीढ़ हैं पटवारी

संघ ने स्पष्ट किया है कि पटवारी राजस्व प्रशासन की एक बेहद महत्वपूर्ण कड़ी हैं और सरकार की हर महती योजना को जमीनी स्तर पर सफलता के साथ लागू करने में उनकी अहम भूमिका होती है। इसके बावजूद उनकी वाजिब और लंबे समय से लंबित माँगों का समाधान न होना बेहद निराशाजनक है। हड़ताल के कारण मैदानी स्तर पर राजस्व और कृषि से जुड़े कई कार्य प्रभावित हो रहे हैं, और संघ ने चेतावनी दी है कि जब तक माँगे पूरी नहीं होतीं, उनका आंदोलन जारी रहेगा।

अतिवृष्टि से प्रभावित 61 गांव चिन्हांकित, राहत में जुटा प्रशासन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में आए चक्रवाती तूफान अर्नब के प्रभाव से भारी बारिश और प्राकृतिक आपदा की खबर से ही किसानों में चिंता है। बुधवार की सुबह से ही किसान अपनी सालभर की मेहनत को बचाने हर संभव प्रयास कर रहे हैं। शासन विगत दो दिनों से ग्रामीण क्षेत्रों में जहां सन्नाटा पसरा हुआ है, वहीं सारे किसान एवं मजदूर वर्ग फसलों को बचाने खेत खलिहानों में जद्दोजहद करते नज़र आ रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में अधिकांश किसानों की फसल खेतों में पक कर तैयार हो गई हैं। वहीं अनेक किसान अपनी फसल काट कर फसल को सूखाने के लिए खेतों खलिहानों में रखे थे, जिन्हें कुदरत के प्रकोप से बचाने हर संभव प्रयास कर रहे हैं। आगामी कुछ दिनों तक यही स्थिति रही तो किसानों को आर्थिक, मानसिक एवं शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

वहीं मौसम में भारी बदलाव की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन भी अलर्ट मोड पर है। स्थिति से निपटने के लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। पूर्व में अतिवृष्टि से प्रभावित 61 गांवों को विशेष रूप से चिन्हांकित करते हुए सुरक्षा और राहत व्यवस्था पर जोर दिया जा रहा है। संभावित खतरे को देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग ने 28 एवं 29 अक्टूबर को जिले के सभी शासकीय, निजी और अनुदान प्राप्त विद्यालयों में अवकाश घोषित कर दिया है।

बारिश से जनजीवन हुआ प्रभावित रेनकोट व छाता पहनकर निकले लोग



बालोद। अर्नब तूफान का असर जिले में देखने को मिल रहा है। बुधवार को सुबह से ही मौसम बदला हुआ था, दिन भर रुक रुक कर हल्की बारिश हो रही थी, जो शाम को तेज हो गई। वहीं देर रात्रि तक तेज हवा जलती रही। जहां तूफान के कारण हो रही बारिश से एक बार फिर से लोगों को अपने रेनकोट व छाता का सहारा लेकर निकलते देखा गया। इस बारिश से जनजीवन भी प्रभावित हुआ, जहां बारिश के कारण लोग त्यौहार की तैयारी के लिए खरीददारी करने के लिए बाजारों में पहुंच रहे थे वहीं बारिश के कारण बाजार में रौनकता कम नजर आई। दीपावली की तैयारी के तहत लोगों के द्वारा अपने घरों व दुकानों की लिपाई पोताई भी कराई जा रही है जो प्रभावित हुई।

जिला स्तरीय राज्य स्थापना दिवस के लिए अधिकारियों को मिली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस 2026 के उपलक्ष्य में जिले में 2 नवंबर को आयोजित होने वाले एक दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव के सफल संचालन के लिए कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने अधिकारियों को विभिन्न व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियां सौंपी हैं। इसमें जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी को नोडल अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर मधुहर्ष को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। आयोजन स्थल पर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित भव्य विकास प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी में कृषि, उद्यानिकी, जिला पंचायत, स्वास्थ्य, आदिम जाति कल्याण, शिक्षा, श्रम, सीएसईबी, महिला एवं बाल विकास, खाद्य, समाज कल्याण, पीएचई, जल संसाधन, एनआरएलएम, पशु चिकित्सा, हाथकरघा, खादी ग्रामोद्योग, राजस्व, उद्योग, जिला अंत्यावसायी, नगर पालिका, वन एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा आकर्षक स्टॉल लगाए जाएंगे। जिला पंचायत के उप संचालक पंचायत को विभिन्न विभागों के स्टॉल वितरण की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही आमजनों की सुविधा के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी बालोद को सुव्यवस्थित फूड जोन तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने निर्देश दिए हैं कि राज्योत्सव के पूर्व जिले के समस्त शासकीय कार्यालयों में आकर्षक रोशनी सुनिश्चित की जाए। इसके लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को व्यक्तिगत जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही सभी विभागों को अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार–प्रसार हेतु बैनर, फ्लैक्स एवं पोस्टर प्रदर्शित करने को कहा गया है।

पेज 9 के शेष

विकास कार्यों और राहत ...

अतः इसे निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। **तमाम आला अधिकारी रहे मौजूदः** कलेक्टर मिश्रा ने ग्राम भाटागांव 'बी' के स्कूल में निर्माणाधीन बालिका शौचालय के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने संबंधितों को निर्देशित किया कि विद्यालयों व सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता, पर्याप्त जल आपूर्ति तथा गुणवत्तापूर्ण सुविधाओं की व्यवस्था प्राथमिकता से सुनिश्चित की जाए। इस दौरान अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, जनपद पंचायत गुण्डरदेही के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नितेश साहू, एसडीओ घनश्याम सिन्हा, सहायक परियोजना अधिकारी ओमप्रकाश साहू एवं प्रभात साहू, कार्यक्रम अधिकारी प्रतिज्ञा चंद्राकर सहित संबंधित विभागों के तकनीकी सहायक, अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

जिले में प्राकृतिक आपदा ..

आवश्यक बैरिकेडिंग की जाएगी ताकि लोग वहां से न गुजरें, आंधी-तूफान के कारण सड़क पर पेड़ गिरने की स्थिति में उनकी तुरंत कटाई-छंटाई कर आवागमन चालू कराया जाएगा। **धान की फसल को खेतों में खुला न छोड़ें:** सभी नगरीय निकायों को नालियों और ड्रेनेज सिस्टम की साफ-सफाई दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं। निचली बस्तियों और संवेदनशील स्थानों पर जलभराव होने पर वहां के नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया जाएगा। जल संसाधन विभाग के अंतर्गत आने वाले प्रमुख जलाशयों और बांधों में जलस्तर अत्यधिक बढ़ने या पानी ओवरफ्लो होने की स्थिति में समीपवर्ती गांवों में समय रहते चेतावनी जारी की जाएगी और नागरिकों की सुरक्षित निकासी की व्यवस्था होगी। कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के माध्यम से किसानों को जागरूक किया जा रहा है कि वे अपनी कटी हुई धान की फसल को खेतों में खुला न छोड़ें, बल्कि प्लास्टिक आदि से ढक कर पानी से सुरक्षित रखें। जिला सेनानी को एनडीआरएफ की टीम को अलर्ट पर रखने के निर्देश दिए गए हैं। नदी-नालों में बाढ़ आने की स्थिति में फंसे हुए नागरिकों के सुरक्षित रेस्क्यू के लिए नाव चालकों की टीम को भी तैयार रखा गया है। विद्युत विभाग को खुले तारों और क्षतिग्रस्त उपकरणों की जांच कर तुरंत सुधार करने तथा आंधी-तूफान के दौरान नागरिकों को सुरक्षित दूरी बनाए रखने के प्रति जागरूक करने को कहा गया है। जिला प्रशासन ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि जन-धन की सुरक्षा से जुड़े इन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

तूफान और बारिश से ...

हुआ है। आवश्यक काम से बाहर निकलने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शाम होते-होते बारिश तेज होने से सड़कों पर आवाजाही प्रभावित हुई और लोग जल्द से जल्द अपने घरों में पहुंचने की कोशिश करते नजर आए। तूफान और खराब मौसम को देखते हुए गांव-गांव में मुनादी कराकर लोगों को सतर्क किया गया है। ग्रामीणों से अनावश्यक रूप से घरों से बाहर नहीं निकलने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की गई है। लोगों को पेड़ों, बिजली के खंभों और कमजोर संरचनाओं के आसपास खड़े होने से बचने की सलाह दी गई है। फिलहाल किसानों की निगाहें मौसम पर टिकी हुई हैं। किसानों को उम्मीद है कि बारिश जल्द थमेगी, ताकि धान की कटाई और मिंजाई का काम प्रभावित न हो। लगातार बदलते मौसम ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है और अब सभी को बारिश से राहत मिलने का इंतजार है।

जिले किसानों ने की महानदी ...

और तेज किया जाएगा। रैली में जिला अध्यक्ष सांवत राम साहू, मंत्री चाणक्य यादव, उपाध्यक्ष देवी लाल डंडसेना, जिला पदाधिकारी मनोहर सिन्हा, दुष्यन्त कुमार साहू, मनहरण साहू, बल्दु राम साहू, बुधारु राम साहू, पुष्पेन्द्र सिंह नेताम, योगेश्वर निर्मकर, कुबेर दास मानिकपुरी, खुमु ठाकुर, बाली कुमार साहू, चिंता राम उयके, हेमन्त कुमार, कुम्भकरण, पैगम्बर सिंह मंडावी, सोमनाथ, सहित किसान उपस्थित थे।

जिले में 2 नवंबर को ...

लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने को भी कहा। राज्योत्सव में जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों और विकास कार्यों की जानकारी आम नागरिकों तक पहुँचाने के लिए विभागीय प्रदर्शनी स्टॉल लगाए जाएंगे। कृषि, उद्यानिकी, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, वन, श्रम तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन सहित विभिन्न विभागों द्वारा अपने कार्यों, उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

पटाखा बिक्री और ...

प्रारूप एलई में पटाखे रखने व विक्रय हेतु निर्धारित समय-सीमा के लिए अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) जारी की जाती है। किसी भी परिस्थिति में बगैर अनुज्ञप्तिधारी व्यक्तियों द्वारा पटाखा अथवा विस्फोटक सामग्री का विक्रय नहीं किया जाएगा। ऐसा करते पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम 1984 के तहत वैधानिक कार्रवाई करते हुए विस्फोटक सामग्री तत्काल जब्त की जाएगी। जारी निर्देश में स्पष्ट किया गया है कि अस्थाई अनुज्ञप्ति को प्रतिवर्ष नवीनीकरण कराने का प्रावधान है, जिसकी वैधता 31 मार्च तक रहती है। चूंकि पूर्व की अस्थाई अनुज्ञप्तियां 31 मार्च 2026 को समाप्त हो चुकी हैं, अतः नवीनीकृत अनुज्ञप्ति प्राप्त किए बगैर पटाखा व्यवसाय करने वालों पर विधिवत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही पटाखा दुकानें केवल प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थलों पर ही लगाई जा सकेंगी।

यातायात नियमों ...

उल्लंघन करने पर मोटरयान अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

गुप्त रोगी संपर्क करें
पुरुष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले वीर्य स्खलित हो जाना, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना।
आयुर्वेदिक द्वारा सफल स्थाथी इलाज।
सभी प्रकार के गुप्त रोगों का इलाज किया जाता है।
निराश रोगी संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के पास धमतरी
मो. 91744-66336

खबर संक्षेप

7 दिनों में 201 स्थायी व गिरफ्तार वारंटियों को भेजा गया न्यायालय

भिलाई। पुलिस ने सात दिनों से भियान चलाकर 201 स्थायी व गिरफ्तार वारंटियों को न्यायालय में पेश किया गया। इसमें कई लंबे समय से फरार चल रहे थे। पुलिस ने स्थायी एवं गिरफ्तारी वारंटों की तामीली भी कराई थी। न्यायालयीन आदेशों के पालन कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने दुर्ग पुलिस का अभियान 20 से 26 अक्टूबर तक चलाया गया। इस दौरान जिले के सभी थाना, चौकी क्षेत्रों में लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों की पतासाजी कर उनकी गिरफ्तारी के लुए विशेष प्रयास किया गया। पुलिस टीमों द्वारा लगातार प्रयास कर फरार वारंटियों को गिरफ्तार किया है। थाना दुर्ग 28, सुपेला 22, नेवई 20, वैशाली नगर 16, पद्मनाभपुर 15, छावनी 14, भिलाई नगर 11, उतई 9, जामुल 8, नंदिनी नगर 8, खुर्सीपार 7, भिलाई भट्ठी 6, थाना 6, अन्य थाना चौकी से 32 को पकड़ा गया।

बोरे में बंद मिला मानव सिर, पहचान अब तक नहीं, हत्या की आशंका

भिलाई। भिलाईनगर थाना अंतर्गत भिलाई निवास के पीछे मानव सिर का कंकाल मिलने से सनसनी फैल गई । कंकाल का शिनाख्त अब तक नहीं हो पाई है। पुलिस ने बताया कि सिविक सेंटर स्थित भिलाई निवास के पीछे मंगलवार को बोरी में मानव सिर मिला जो सिर बुरी तरह सड़ चुका है। बीएसपी की सेप्टिक लाइन में पानी जाम होने की शिकायत पर सफाई कर्मी मौके पर पहुंचे थे। सफाई कर्मी लाइन और आसपास की सफाई कर रहे थे। तभी उन्हें बोरी में मानव सिर दिखाई दिया। कर्मियों ने तुरंत अपने अफसरों को सूचना दी, उसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।पंचनामा कार्रवाई के बाद सिर को पीएम के लिए भेज दिया गया। मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक बरामद सिर नर कंकाल का होने का संदेह जताया जा रहा है। काफी समय से पड़े होने के कारण सिर बुरी तरह सड़ चुका है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि सिर वहां कैसे पहुंचा। संदेह है कि सिर बहकर सेप्टिक लाइन तक आया होगा, हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। मानव सिर मिलने के बाद पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

नो-पार्किंग में खड़े 202 वाहनों पर कार्रवाई

भिलाई। शहर के प्रमुख बाजारों पर नो-पार्किंग में वाहन खड़े करने वालों पर ट्रैफिक पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। मंगलवार को इंदिरा मार्केट, नेहरूनगर से सूर्या मॉल होते हुए रानी अवंतिबाई चौक, पावर हाउस, रेलवे स्टेशन सहित अन्य जगहों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान 202 वाहनों पर कार्रवाई कर उनसे 15 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया। इतना ही नहीं लंबे समय तक गाड़ी खड़ा कर नदारत रहने वालों की गाड़ियों को जब्त किया गया। दुर्ग एवं भिलाई निगम के साथ मिलकर यह कार्रवाई की गई।

समस्या : मूलभूत और 16वें वित्त की राशि नहीं मिलने से पंचायतों की आर्थिक स्थिति बिगड़ी

6 माह से राशि नहीं मिलने से पंचायतें परेशान दीपावली पर व्यापारियों का भुगतान अटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

दीपावली का त्योहार नजदीक है। बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है और लोग त्योहार की तैयारियों में जुट गए हैं, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों की ग्राम पंचायतों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

शासन से पिछले छह माह से मूलभूत सुविधाओं और 16वें वित्त आयोग की राशि नहीं मिलने के कारण पंचायतों की आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। स्थिति यह है कि रोजमर्रा के जरूरी कामकाज और मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी सामग्रियों की खरीदी के लिए पंचायतों को स्थानीय व्यापारियों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। अब भुगतान नहीं होने से पंचायतें कर्ज के बोझ तले दबती जा रही हैं। वहीं, दीपावली से ठीक पहले व्यापारी भी अपने बकाया भुगतान के लिए पंचायतों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। ग्राम पंचायतों में मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों के लिए नियमित रूप से राशि की आवश्यकता होती है। गांवों में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, नाली की मरम्मत, पेयजल व्यवस्था सहित अन्य जरूरी कार्यों के लिए पंचायतों को विभिन्न सामग्रियों की खरीदी करनी पड़ती है। इन कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए पंचायतें स्थानीय दुकानदारों और व्यापारियों से सामग्री उधार में खरीदती हैं। लेकिन पिछले छह माह से मूलभूत और 16वें वित्त की राशि नहीं मिलने से पंचायतों के सामने भुगतान का संकट गहरा गया है।

शासन से शीघ्र राशि जारी करने की मांग

पंचायतों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए मूलभूत और 16वें वित्त आयोग की राशि जल्द जारी किए जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। यदि समय रहते राशि उपलब्ध नहीं होती है, तो पंचायतों के लंबित भुगतान और स्थानीय स्तर पर होने वाले विकास कार्यों पर इसका असर पड़ सकता है। ऐसे में पंचायतों को आर्थिक संकट से उबारने और व्यापारियों का बकाया भुगतान सुनिश्चित करने के लिए शासन स्तर पर शीघ्र पहल जरूरी है। अब देखना होगा कि दीपावली से पहले पंचायतों को राशि मिल पाती है या उन्हें कर्ज और बकाया भुगतान की चिंता के बीच ही त्योहार मनाना पड़ेगा। मांग करने वालों में संतोष जैन ग्राम पंचायत अण्डी (सरपंच), कोशलेश देवांगन कापसी, घनाराम भुआर्य ग्राम पंचायत गंजईडीह, रामचरण मानकर ग्राम पंचायत सोरली, रघुवीर पटेल ग्राम पंचायत धनगांव, गिरवर सिंह कोकिला ग्राम पंचायत परसाडीह (ज), रेणु गायकवाड़ ग्राम पंचायत संबलपुर मनोहर लाल भुआर्य ग्राम पंचायत खेरथाबजार, पलेश्वरी गावरे ग्राम पंचायत कोटेरा, सुरेश कुमार बढ़ई ग्राम पंचायत बड़गांव, नरेंद्र कुमार बढ़ई ग्राम पंचायत रेंगनी, मोहित कुमार नायक ग्राम पंचायत बड़े जुंगेरा, हरखराम खरे ग्राम पंचायत खरथुली सहित ब्लॉक के सभी सरपंच शामिल हैं।

व्यापारियों के भुगतान में देरी से बढ़ी परेशानी

पंचायतों द्वारा खरीदी गई सामग्रियों का भुगतान लंबे समय से लंबित रहने के कारण व्यापारियों की परेशानी भी बढ़ गई है। स्थानीय व्यापारियों को उम्मीद रहती है कि पंचायतों से समय पर भुगतान मिल जाएगा, लेकिन राशि के अभाव में भुगतान अटक गया है। अब दीपावली जैसे बड़े त्योहार के समय व्यापारियों को भी अपनी दुकानों के खर्च, कर्मचारियों के भुगतान और अन्य आर्थिक जरूरतों को पूरा करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। दीपावली में अब महज एक सप्ताह का समय शेष है। ऐसे में पंचायत प्रतिनिधियों के सामने सबसे बड़ी चिंता यह है कि व्यापारियों का बकाया भुगतान कैसे किया जाए। एक ओर शासन से राशि नहीं मिलने के कारण पंचायतों की आर्थिक व्यवस्था चरमराई हुई है, वहीं दूसरी ओर व्यापारियों द्वारा भुगतान के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा है। पंचायतों के सामने न केवल पुराना कर्ज चुकाने की चुनौती है, बल्कि आने वाले दिनों में गांवों की आवश्यक व्यवस्थाओं को बनाए रखने की जिम्मेदारी भी है।

मारुति इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग की छात्राओं ने दी रंगारंग प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मारुति इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, दानीटोला बालोद में संस्थान की शैक्षणिक उपलब्धियों, नर्सिंग शिक्षा के क्षेत्र में योगदान एवं विद्यार्थियों के भविष्य की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया, विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, गीत, नृत्य एवं मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सिजो कोशी मारुति इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग एवं प्राचार्य प्रोफेसर डेनियल दीपक मसीह भारत इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग ने कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानव सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, समर्पण, करुणा एवं सेवा भावना के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।

उस्मान रजा बने एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष

गुण्डरदेही। एनएसएआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे ने मंगलवार को युवा कांग्रेस के चुनाव के चलते होल्ड किए गए जिला अध्यक्षों की नियुक्ति जो पूर्व में किया था, उसे पुनः बहाल करते हुए बालोद जिला के एनएसएआई के अध्यक्ष के रूप में छात्र नेता उस्मान रजा को नियुक्त किया गया। बता दे कि पूर्व में उस्मान रजा एनएसएआई के गुण्डरदेही विधानसभा के अध्यक्ष के रूप में काम कर रहे थे, उस्मान रजा ने कहा कि राहुल गांधी के विचारों को मजबूती से आगे लेकर जायेंगे और छात्रें के हित मे काम करेंगे।

धान कटाई और रबी की बुआई के दौरान मनरेगा के कार्य रहेंगे स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

किसानों के हितों को प्राथमिकता देते हुए जिले में कृषि कार्योंके सुचारू संचालन और ग्रामीण श्रमिकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के नेतृत्व में शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन इस प्रकार सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे खेती–किसानी के महत्वपूर्ण समय में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

■ कृषि कार्यों के लिए मजदूरों की कमी दूर करने

छग शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए 'विकसित भारत–रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, धारा 6(2) के तहत चरम कृषि मौसम की अवधि अधिसूचित की गई है। इसके अंतर्गत निर्धारित अवधि में योजना के नए कार्योंकी स्वीकृति, शुरुआत एवं संचालन नहीं किया जाएगा। इसका उद्देश्य बुआई और कटाई के समय कृषि कार्योंके लिए पर्याप्त मजदूर उपलब्ध कराना तथा खेती–किसानी को प्राथमिकता देना है।

शासन द्वारा अधिसूचित कार्यक्रम के अनुसार खरीफ फसलों की कटाई के लिए 1 नवंबर से 15 नवंबर 2026 तक की अवधि निर्धारित की गई है। वहीं रबी फसलों की बुआई के लिए 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तथा कटाई के लिए 16 मार्च से 30 मार्च 2027 तक योजना के कार्य स्थगित रहेंगे। इन अवधियों में धान, मक्का, अरहर, मूंग, उड़द एवं सोयाबीन जैसी खरीफ फसलों की कटाई और गेहूं, चना, सरसों, अलसी एवं सब्जियों जैसी रबी फसलों की खेती से जुड़े कार्योंको समय पर पूरा करने में किसानों को सहूलियत मिलेगी। कृषि कार्यों के महत्वपूर्ण समय में योजना के कार्य स्थगित रहने से ग्रामीण श्रमिक खेती–किसानी के कार्योंके लिए उपलब्ध हो सकेंगे। इससे किसानों को फसलों की बुआई और कटाई समय पर पूरी करने में मदद मिलेगी। समय पर कृषि कार्य होने से फसल उत्पादन और किसानों की आय बढ़ाने की संभावनाएं मजबूत होंगी। साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी। योजना के कार्य स्थगित रहने की अवधि में भी पात्र हितग्राहियों के बेरोजगारी भत्ते, मजदूरी भुगतान में देरी के मुआवजे तथा प्रशासनिक व्यय से संबंधित भुगतान नियमानुसार जारी रहेंगे। इससे पात्र हितग्राहियों के अधिकारों और भुगतान संबंधी प्रावधानों की निरंतरता बनी रहेगी।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि चरम कृषि मौसम में योजना के कार्योंको निर्धारित अवधि के लिए स्थगित करने का उद्देश्य किसानों को कृषि कार्योंके लिए पर्याप्त श्रमिक उपलब्ध कराना है। इससे खेती–किसानी के महत्वपूर्ण कार्य समय पर पूरे करने में सहायता मिलेगी और ग्रामीण आजीविका को मजबूती मिलेगी। जिला प्रशासन बालोद द्वारा किसानों की जरूरतों, ग्रामीण श्रमिकों की उपलब्धता और शासकीय योजनाओं के संतुलित क्रियान्वयन को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। यह पहल कृषि कार्योंको प्राथमिकता देने के साथ–साथ किसान हितों के संरक्षण और ग्रामीण विकास को गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के लिए जिले में प्रशिक्षण 4 और 5 नवंबर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारत की जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनसंख्या गणना कार्य को सुचारू, त्रुटिरहित एवं समय-सीमा में संपादित कराने के उद्देश्य से बालोद जिले में दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी के आदेशानुसार यह प्रशिक्षण 04 और 05 नवंबर को प्रातः 10 बजे से शाम 05.30 बजे तक संयुक्त जिला कार्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित किया जाएगा।

जिले में पदस्थ संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनगणना 2027 द्वितीय चरण के प्रगणन व तकनीकी प्रक्रियाओं का सघन प्रशिक्षण दिया जाएगा। जनगणना कार्य राष्ट्रीय महत्व का होने के कारण इस प्रशिक्षण को अत्यंत आवश्यक बताते हुए संबंधित सभी अमले को निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। आयोजित होने वाले इस दो दिवसीय प्रशिक्षण में जिला जनगणना अधिकारी, सर्व अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, सर्व चार्ज जनगणना अधिकारी ग्रामीण, सर्व सहायक चार्ज जनगणना अधिकारी ग्रामीण प्रत्येक चार्ज से एक, सर्व जनगणना लिपिक ग्रामीण प्रत्येक चार्ज से एक, सर्व तकनीकी सहायक ग्रामीण प्रत्येक चार्ज से एक, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, सर्व मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं चार्ज जनगणना अधिकारी शहर, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला जनगणना लिपिक, जिला जनगणना कार्यालय तकनीकी सहायक, सर्व जनगणना लिपिक शहर प्रत्येक चार्ज से एक तथा सर्व तकनीकी सहायक शहर प्रत्येक चार्ज से एक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

वोट चोरी कर सत्ता में आई भाजपाः ताम्रध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में ग्राम कुथरेल, विनायकपुर एवं रिसामा में चल रही सेक्टर कमेटी की बैठकों में प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। श्री साहू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा वोट चोरी कर सत्ता में आई है। जनता ने इन्हें महंगाई कम करने के लिए चुना था, लेकिन आज महंगाई चरम पर है। बिजली बिल की बढ़ोतरी ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम सरकार की नाकामी को घर-घर तक पहुंचाएं।

कार्यकर्ता हर बूथ, हर घर में जाकर लोगों को बताएं कि यह सरकार किस तरह विफल रही है। पूर्व गृहमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश की हर ग्राम पंचायत का सरपंच परेशान है। गांव में विकास कार्य पूरी तरह से शून्य हो चुके हैं। पंचायतों के पास काम नहीं है, पैसा नहीं है। वर्तमान सरकार की नीतियों से हर वर्ग दुखी है। किसानों को खाद-बीज के लिए भटकना पड़ रहा है, युवा बेरोजगारी से परेशान है, महिलाओं के साथ किए गए वादे पूरे नहीं हुए। महंगाई ने रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। पूर्व सभापति टिकेश्वरी लाल देशमुख ने कहा कि आने वाले समय में हमें फिर से कांग्रेस की सरकार बनानी है। इसके लिए अभी से संगठन में मजबूती से काम करना होगा। सेक्टर और बूथ कमेटी को सक्रिय करना होगा।

निष्क्रिय कार्यकर्ताओं को हटाकर मेहनती कार्यकर्ताओं को जोड़ा जाए।बैठक में जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रिवेन्द्र यादव ने बीएलओ और मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने को लेकर जानकारी दी।इस दौरान विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई और आगामी रणनीति तय की गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रिवेन्द्र यादव, पूर्व सभापति टिकेश्वरी देशमुख पूर्व मंडी डारेक्टर तारकेश्वर चन्द्रकार, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप चन्द्रकार, मंडल अध्यक्ष राकेश हिरवानी, शिवनारायण दिल्लीवार, लोकनाथ साहू, जीतेन्द्र साहू, सरपंच अंडा दिग्विजय सिन्हा, राजीव गांधी पंचायती राज प्रदेश अध्यक्ष गीता बैकुंठ महानंद, डॉ. पिलेश्वर साहू, मुकेश देशमुख, निरंजन राजपूत, घनश्याम गजपाल सहित जिला कांग्रेस कमेंटी, ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी गण, सेक्टर कमेंटी, पंचायत अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष गण सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित हुए।

तपस्या के साथ विनम्रता, समभाव और विवेक होना आवश्यक

त्याग, तप और निष्ठा से ही संभव है जीवन में आत्मकल्याणः जैन साध्वी प्रियंका श्री जी मसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

नगर पंचायत डोंडी स्थित जैन भवन में जैन साध्वी श्री प्रियंका श्री जी मसा आदि ठाना 4 के सानिध्य में चल रहे धार्मिक प्रवचनों के क्रम में आज त्याग, तप तथा धर्म, देव और गुरु के प्रति अटूट निष्ठा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया।

धर्मसभा में साध्वी श्री जी मसा ने श्रद्धालुओं को समझाया कि मनुष्य के जीवन में आध्यात्मिक उन्नति के लिए केवल धार्मिक क्रियाएं करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि जीवन में त्याग, संयम, तपस्या और सच्ची श्रद्धा को अपनाना भी आवश्यक है। प्रवचन के दौरान जैन धर्म की शिक्षाओं के अनुरूप आत्मचिंतन, सदाचार और आत्मकल्याण पर जोर दिया गया। साध्वी श्री जी मसा के विचारों ने उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं को धर्म के वास्तविक स्वरूप को समझने तथा अपनी दिनचर्या में अच्छे संस्कारों को स्थान देने की प्रेरणा दी। प्रवचन में तप के महत्व पर प्रकाश डालते हुए साध्वी श्री जी मसा ने बताया कि जैन धर्म में तपस्या का विशेष स्थान है। तप केवल शारीरिक कष्ट सहने का नाम नहीं, बल्कि अपनी इच्छाओं को संयमित करने, मन को स्थिर रखने और आत्मअनुशासन का अभ्यास करने का माध्यम भी है। उन्होंने समझाया कि तपस्या के साथ विनम्रता, समभाव और विवेक होना आवश्यक है।

धार्मिक साधना का उद्देश्य आत्मकल्याण की दिशा में आगे बढ़ना और अपने जीवन को अधिक संयमित बनाना है। व्यक्ति अपनी क्षमता और धार्मिक मार्गदर्शन के अनुरूप साधना करते हुए आत्मनिरीक्षण की आदत विकसित कर सकता है। साध्वी श्री जी के संदेश का सार यह रहा कि तपस्या का महत्व तभी सार्थक होता है, जब उसके साथ जीवन में सदाचार, करुणा और आत्मसंयम भी दिखाई दें। धार्मिक साधना व्यक्ति को अपने विचारों और व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाने की प्रेरणा देती है।

त्याग जीवन को बनाता है श्रेष्ठ

साध्वी श्री प्रियंका श्री जी मसा ने त्याग के महत्व को समझाते हुए बताया कि त्याग का अर्थ केवल किसी वस्तु को छोड़ देना नहीं है, बल्कि मन में उत्पन्न होने वाले अहंकार, क्रोध, लोभ, ईर्ष्या और अनावश्यक इच्छाओं पर नियंत्रण रखना भी है। जब व्यक्ति अपने स्वार्थ से ऊपर उठकर दूसरों के हित के बारे में सोचता है, तब उसके जीवन में विनम्रता, करुणा और सद्भावना का विकास होता है। उन्होंने प्रेरणा दी कि मनुष्य को अपनी सामर्थ्य के अनुसार जीवन में त्याग की भावना विकसित करनी चाहिए। दूसरों के प्रति सम्मान रखना, कटु वचनों से बचना, जरूरतमंदों की सहायता करना और अपने व्यवहार में सरलता बनाए रखना भी त्याग की भावना को प्रकट करता है। त्याग व्यक्ति को भीतर से मजबूत बनाता है और उसे जीवन की परिस्थितियों में संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देता है। सच्चा त्याग वही है, जिसमें व्यक्ति किसी कार्य का दिखावा करने के बजाय आत्मशुद्धि और सद्भावना के उद्देश्य से आगे बढ़ता है।

दल्लीराजहरा में 'मिशन वात्सल्य' और 'मिशन शक्ति' का जागरूकता शिविर

विद्यार्थियों को बाल संरक्षण, महिला सुरक्षा और कानूनी अधिकारों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देश पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्वामी आत्मानंद विद्यालय में 'मिशन वात्सल्य' एवं 'मिशन शक्ति' के तहत जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विद्यार्थियों को बाल संरक्षण, महिला सुरक्षा, कानूनी अधिकारों और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष तोरण साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ नैतिक संस्कार और जागरूकता भी जीवन में सफलता के लिए जरूरी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहते हुए जिम्मेदार नागरिक बनने और उज्ज्वल भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में पार्षद भूपेंद्र श्रीवास विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



संकट में हेल्पलाइन नंबरों से मिलेगी मदद

विद्यार्थियों को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और महिला हेल्पलाइन 181 के प्रभावी उपयोग की जानकारी देते हुए जरूरत पड़ने पर तत्काल सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया। बैनर और पोस्टरों के माध्यम से बच्चों के सुरक्षित वातावरण, सर्वांगीण विकास तथा महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक डॉ. एस. कुमार, अनिल सिन्हा, चाइल्ड हेल्पलाइन सुपरवाइजर परमानंद परसगिया, सुपरवाइजर नेहा चंद्राकर व मोना रावत, मास्टर ट्रेनर रणतिका रात्रे, ओआरडब्ल्यू गुणवती, चैतन्य संस्था से रोशनी यादव, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

बाल विवाह और बाल शोषण के खिलाफ जागरूकता पर जोर

शिविर में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम और किशोर न्याय अधिनियम सहित बाल संरक्षण से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। बाल श्रम, बाल विवाह और बच्चों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार की रोकथाम के उपाय भी बताए गए। साथ ही महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, समान अवसर तथा आत्मनिर्भरता के महत्व पर प्रकाश डाला गया।









खबर संक्षेप



स्वामी आत्मानंद स्कूल में बच्चों को जूता वितरित किया

गुण्डरदेही। आत्मानंद स्कूल गुण्डरदेही में कक्षा 1, 2 एवं 3 के 21 स्कूली बच्चों को जूता वितरित किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, उपाध्यक्ष विजय सोनकर, पार्षद पूजा बिंझेकर, मनोज बिंझेकर, लक्ष्मण सोनकर स्कूल के प्राचार्य एवं शिक्षकगण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

खंडहर में मिली नशे की दवा 59 हजार का सामान जब्त



भिलाई। नशे की दवा के साथ पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पावर हाउस खंडहर के पास प्रतिबंधित स्पास्मो प्रॉक्सीवॉन प्लस कैप्सूल बेचने वाले युवक 02/बी, के.एल.सी., वार्ड क्रमांक 31, जोन-01, सेक्टर-11, खुर्सीपार निवासी रेशम सिंह को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने 12 स्ट्रीप में कुल 96 कैप्सूल नशे का, मोबाइल फोन, बाइक और नगदी जब्त किया गया। उक्त दवा की कीमत 59,400 रुपए आंकी गई है।

हमले का प्रयास, गिरफ्तार

भिलाई। तलवार से हमला करने का प्रयास करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि अमरेन्द्र सिंह ट्रांसपोर्ट नगर, हथखोज की ओर जा रहे थे। तभी रास्ते में ट्रक हटाने की बात को लेकर ट्रक चालक और पीड़ित के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के दौरान आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोपी हथखोज निवासी सचिदानंद सिंह को पकड़ा गया।

गांजा के साथ युवक पकड़ाया

भिलाई। अवैध रूप से गांजा बेच रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर हथखोज बाईपास रोड भिलाई तीन दबिश देकर गांजा बेचने वाले को पकड़ा गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम वार्ड 1 भिलाई तीन निवासी रितेश अहिरवार उर्फ केम्मा बताया है। उसके पास से गांजा 1.520 किलो ग्राम जब्त किया गया।

रिसाली के प्रगति नगर में धूमधाम से मनाया गया भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

अधर्म का नाश करने होता है भगवान का अवतार : निरंजन महाराज





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

रिसाली के प्रगति नगर स्थित मां परमेश्वरी भवन, सड़क नंबर-20 में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के छठवें दिन बुधवार को भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। प्रख्यात भागवताचार्य संत निरंजन महाराज (लिमतरा वाले) ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म, पूतना वध, बाल लीलाओं एवं माखन चोरी के प्रसंगों का वर्णन किया। इस दौरान कथा स्थल भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का वर्णन करते हुए महाराज जी ने बताया कि जब धरती पर अत्याचार बढ़ने लगा, तब भगवान विष्णु ने श्रीकृष्ण के रूप में अवतार लेकर अधर्म का नाश और धर्म की स्थापना की। भगवान के जन्मोत्सव के प्रसंग पर श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाए और भक्ति भाव से उत्सव में सहभागिता की। कथा में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का सुंदर वर्णन किया गया। पूतना वध के प्रसंग के माध्यम से भगवान की दिव्य शक्ति और भक्तों की रक्षा का संदेश दिया गया। वहीं, माखन चोरी की लीलाओं के माध्यम से बाल कृष्ण की मनमोहक छवि और गोकुल की आनंदमयी संस्कृति का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हुए। महाराज जी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन प्रेम, करुणा, धर्म और लोककल्याण का संदेश देता है। उनकी लीलाएं मनुष्य को अहंकार त्यागकर प्रेम और सद्भाव के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देती हैं।

31 अक्टूबर तक चलेगा कथा आयोजन

यह नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह 23 से 31 अक्टूबर 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक मां परमेश्वरी भवन, प्रगति नगर, रिसाली, भिलाई में हो रही है। कथा के मुख्य वक्ता संत श्री निरंजन महाराज जी (लिमतरा वाले) हैं। आयोजन कर्ता दामिनी देवी देवांगन, रमेश लाल देवांगन, अदिति देवांगन, राजकिरन देवांगन, कुमारी सानवी देवांगन, अविराज देवांगन सहित देवांगन परिवार द्वारा कराया जा रहा है।

प्राकृतिक आपदाओं से निपटने जिला प्रशासन अलर्ट, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में संभावित बाढ़, अतिवृष्टि, आंधी–तूफान, वज्रपात बिजली गिरने और अन्य प्राकृतिक आपदाओं से नागरिकों व विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को आपदा प्रबंधन के पुख्ता इंतजाम करने और आपसी समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए हैं।

- बाढ़, अतिवृष्टि और आंधी-तूफान से बचाव के लिए पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश

जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि सभी शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। आंधी–तूफान, भारी बारिश या बिजली गिरने की स्थिति में बच्चों को खुले मैदान, पेड़ों, बिजली के खंभों और जर्जर भवनों से दूर रखा जाए। बाढ़ प्रभावित गांवों के स्कूलों को आवश्यकता पड़ने पर बंद करने और जलमग्न मार्गों से बच्चों की आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित करने के निर्देश हैं। आगामी चक्रवात और भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों और स्टाफ की टीम को नियमित रूप से उपस्थित रहने तथा आवश्यक जीवन रक्षक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया है। लोक निर्माण विभाग और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत आने वाले प्रमुख मार्गों, पुल–पुलियों और नालों के ऊपर पानी बहने की स्थिति में बांस–बल्लियों से आवश्यक बैरिकेडिंग की जाएगी ताकि लोग वहां से न गुजरें, आंधी–तूफान के कारण सड़क पर पेड़ गिरने की स्थिति में उनकी तुरंत कटाई–छंटाई कर आवागमन चालू कराया जाएगा। सभी नगरीय निकायों को नालियों और ड्रेनेज सिस्टम की साफ–सफाई दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं। निचली बस्तियों और संवेदनशील स्थानों पर जलभराव होने पर वहां के नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया जाएगा। जल संसाधन विभाग के अंतर्गत आने वाले प्रमुख जलाशयों और बांधों में जलस्तर अत्यधिक बढ़ने या पानी ओवरफ्लो होने की स्थिति में समीपवर्ती गांवों में समय रहते चेतावनी जारी की जाएगी।

स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन में बालोद प्रदेश में चौथे स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छग शासन की स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में बालोद जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। अप्रैल से सितंबर 2026 तक के स्वास्थ्य संबंधी प्रदर्शन के आधार पर जिले को यह उपलब्धि मिली है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार और उनके संवेदनशील नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने तथा शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों का यह सकारात्मक परिणाम है।

- सिकल सेल की 5 .15 लाख से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग

कलेक्टर मिश्रा ने इस उपलब्धि पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और मैदानी अमले को बधाई देते हुए उनके समन्वित प्रयासों की सराहना की। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवक्ता में निरंतर सुधार करने और आम नागरिकों को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएल. उईके के अनुसार, जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, एनीमिया मुक्त भारत, राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम, नवजात शिशु देखभाल, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, गैर–संचारी रोग नियंत्रण, मानसिक स्वास्थ्य तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

अप्रैल से सितंबर 2026 तक के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत 5 से 9 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को आयरन की गुलाबी गोली वितरण में 115 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की गई। वहीं, किशोर–किशोरियों को आयरन की नीली गोली वितरण कार्यक्रम में 91 प्रतिशत उपलब्धि हासिल हुई। पूर्ण टीकाकरण कार्यक्रम में भी जिले का प्रदर्शन बेहतर रहा है।

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में उपचार सफलता दर 91 प्रतिशत रही। क्षय रोगियों को पोषण सहायता उपलब्ध कराने, समय पर रोगियों की पहचान करने और उनका उपचार लगातार जारी रखने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इससे क्षय रोग नियंत्रण और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में मदद मिल रही है।

मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में 89,694 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गई। वहीं, गैर–संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत मधुमेह के उपचाराधीन पंजीकृत मरीजों की उपलब्धि 119 प्रतिशत दर्ज की गई है। इससे मधुमेह जैसे रोगों की पहचान, पंजीयन और उपचार संबंधी सेवाओं को मजबूत बनाने के प्रयास सामने आते हैं।

जिले में सिकल सेल स्क्रीनिंग कार्यक्रम के अंतर्गत 5,15,021 व्यक्तियों की जांच की गई है, जो निर्धारित लक्ष्य का लगभग 95 प्रतिशत है। इस कार्यक्रम के माध्यम से सिकल सेल से संबंधित संभावित मामलों की पहचान कर आवश्यक जांच, परामर्श और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर ध्यान दिया जा रहा है। इसके अलावा, जिले में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के संचालन और डायलिसिस सेवाओं को बेहतर बनाने के साथ विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जिले की इन उपलब्धियों में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, चिकित्सकों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों, एएनएम, मितानिनों और अन्य मैदानी कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त करना जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए किए जा रहे समन्वित प्रयासों का परिणाम है।

सरस्वती शिशु मंदिर के विभाग समन्वयक ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में मंगलवार को विभाग समन्वयक हरिश्चन्द साहू ने विद्यालय में आचार्य, दीदी, विद्यार्थियों सहित सभी गतिविधियों का निरीक्षण करते हुए मार्गदर्शन दिए।

- 28 अक्टूबर से शुरू होंगी विषय विशेषज्ञों की डिजिटल कक्षाएं



सरस्वती शिक्षा संस्थान द्वारा शैक्षणिक एवं व्यवस्था गुणवक्ता पर निखार लाने की योजना के तहत विभाग समन्वयक ने पूरे दिन विद्यालय में प्रवास पर रहे। इस दौरान साहू ने कक्षा दशम में अध्यापन कार्य भी किए तत्पश्चात एआई कक्षा में आचार्य दीदीयों की क्लास लेकर प्रभावी मार्गदर्शन किए। कार्यालयीन संबंधित दस्तावेजी मार्गदर्शन भी दिए। प्राचार्य पीएल बारले, उप प्राचार्य लिकेश्वर साहू, धनेश्वरी साहू, शशि यादव, प्रीति साहू, कविता साव, मानसी यादव, निखिलेश साहू, नम्रता पटेल, ज्योति साहू प्रीति कोसरे ने मार्गदर्शन क्लास का लाभ लिए। निरीक्षण प्रवास पश्चात विभाग समन्वयक हरिश्चन्द साहू ने बताया कि 28 अक्टूबर से डिजिटल कक्षा में विभिन्न स्थानों से विषय एक्सपर्ट अध्यापन कराएंगे। डिजिटल कक्षाएं नियत समय पर एक साथ एक काल खंड 40 मिनट का निर्धारित है। अभी वर्तमान में 10 वी और 12 वी बोर्ड कक्षा के विषयों पर फोकस किया जा रहा है। व्यवस्थापक एके जैन ने कहा कि डिजिटल कक्षा में शासकीय विद्यालय के टॉप फाइव बच्चे प्राचार्य के माध्यम से संपर्क कर सकते है अनुकूलता रही तो उन्हें भी लाभान्वित किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि समय का पाबंद रहना अनिवार्य है।

प्राचार्य पीएल बारले ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर शिक्षा संस्कार और संस्कृति की आधारभूत रचना की क्रियान्वयन के साथ तकनीति की क्रांतिकारी परिवर्तन के साथ कदम में कदम चलते हुए होनहार विद्यार्थियों को संस्कार के साथ समय की मांग की पूर्ति के लिए सक्रिय भूमिका निभा रही है।

विज्ञान प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन, कुसुमकसा की बेटियों का लोकसभा भवन में होगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा



जिले के डौंडी विकासखंड अंतर्गत ग्राम कुसुमकसा की तीन होनहार बेटियों ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और लगन से पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। सेजेस स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल, कुसुमकसा की छात्राएं लक्ष्मी मानिकपुरी एवं खुशी विश्वकर्मा राष्ट्रीय स्तर की विज्ञान प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर लोकसभा भवन में सम्मानित होंगी। वहीं, कुसुम पब्लिक स्कूल कुसुमकसा की छात्रा वंशिका सिंह का चयन देशभर से चुने गए 12 बच्चों में हुआ है, जिन्हें लोकसभा में अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। तीनों बेटियों की इस उपलब्धि से कुसुमकसा सहित पूरे बालोद जिले में हर्ष और गर्व का माहौल है,सेजेस स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा लक्ष्मी मानिकपुरी एवं खुशी विश्वकर्मा ने राष्ट्रीय स्तर की विज्ञान प्रदर्शनी में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उनकी इस उपलब्धि ने विद्यालय और क्षेत्र का मान बढ़ाया है। खुशी विश्वकर्मा इससे पहले कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में जिले की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का परिचय दे चुकी हैं। अब राष्ट्रीय स्तर पर मिली पहचान ने उनकी उपलब्धियों में एक और महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ दिया है।

शिक्षकों के मार्गदर्शन और मेहनत की सराहना

कुसुमकसा की एक अन्य होनहार बेटी वंशिका सिंह भी अपनी प्रतिभा के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने जा रही हैं। कुसुम पब्लिक स्कूल, कुसुमकसा के प्राचार्य आरके सिंह की पुत्री वंशिका का चयन लोकसभा में अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए देशभर से चयनित 12 बच्चों में हुआ है। प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्रिपरिषद एवं सांसदों की गरिमामयी उपस्थिति वाले इस प्रतिष्ठित मंच पर विचार रखने का अवसर मिलना वंशिका के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उनकी इस सफलता से विद्यालय परिवार और क्षेत्र के लोगों में उत्साह है। इन उपलब्धियों के पीछे विद्यार्थियों की मेहनत के साथ-साथ शिक्षकों का मार्गदर्शन और अभिभावकों का प्रोत्साहन भी महत्वपूर्ण है। सेजेस स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल की शिक्षिका सुश्री सोनल गुप्ता के परिश्रम, समर्पण एवं कुशल मार्गदर्शन की सराहना की जा रही है। विद्यालय के प्राचार्य सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं के प्रयासों से विद्यार्थियों को विज्ञान, नवाचार और रचनात्मक गतिविधियों में आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज



स्पेशल ट्रेन से - 24 दिसम्बर 2026 से 03 जनवरी 2027 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरुपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी
राशि:- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR: D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KOPRA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 9165-411411

